हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

12 पीएसएसी की दो पालियो में हुई परीक्षा परीक्षार्थियों...



12 संत निरंकारी मिशन के श्रमदान से निखरा...





## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मौत, ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज




**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम आंखीहर्रा और मर्रामपानी तिराहा के पास 31 नवंबर को शाम 6 बजें हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 आर 6260 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया। टक्कर के कारण आई गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 आर 6260 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोड़ेकुसी में दो दिनी वार्षिक मेला 25 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में आगामी 25 एवं 26 फरवरी को दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले को श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ आयोजित करने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। ग्राम पंचायत की सरपंच साधना सहारे ने बताया कि यह मेला गांव की परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी और क्षेत्रवासी शामिल होंगे।

### ग्राम बरहेली का कल वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरहेली में बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेला 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले को लेकर ग्राम पंचायत बरहेली के सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंच एवं समस्त ग्रामीण पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष मेला खास इसलिए भी रहेगा क्योंकि पहली बार इसका आयोजन ग्राम पंचायत की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। मेले में आने वाले दुकानदारों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बिजली कनेक्शन की विशेष व्यवस्था की जा रही है और साथ ही पेयजल सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि व्यापारियों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच, जिला राजनंदगांव की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

### मलकानगिरी से लखमा ने फोन से सुकमा कलेक्टर से की चर्चा

**जगदलपुर।** कोंटा विधायक कवासी लखमा ने सुकमा कलेक्टर से फोन पर जनता को बेहतर इलाज देने के संबंध में चर्चा की। विधायक ने सुकमा हॉस्पिटल में जरुरत की दवाइयां उपलब्ध कराने कहा। साथ ही सर्जन डॉ. अनामय के हफ्ते में 2 दिन सुकमा हॉस्पिटल में सेवा देने की व्यवस्था करने कहा है। उन्होंने पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरी से फोन पर चर्चा में कहा कि डॉ. अनामय सुकमा हॉस्पिटल में सेवा देते समय लोगों का उनके प्रति विश्वास बढ़ा था। जनता उनके कार्य से खुश व संतुष्ट थी।

### आज लगेगा भानपुरी मेला, पहले देवी देवताओं की होगी पूजा- अर्चना

**भानपुरी।** नगर में सोमवार को विशाल मेले का आयोजन किया गया है। ग्राम देवी देवताओं के आगमन पश्चात शीतला माता मंदिर मे पूजा पाठ कर मेले की शुरुआत होती है। पिछले 41 वर्षों से भानपुरी मे ग्रामवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मेले का आयोजन किया जा रहा है।

---

## सरेंडर : शीर्ष नेतृत्व का आत्मसमर्पण के बाद नक्सलियों का मनोबल टूटा

# देवा के समर्पण से दबाव में नक्सली कांकेर में बचे 23 कर सकते हैं सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- तेलंगाना में देव समेत 18 नक्सलियों ने डाले हथियार,
- खुफिया विभाग और पुलिस का अंदरूनी इलाकों पर बढ़ाया नेटवर्क

तेलंगाना से आई बड़ी खबर ने नक्सल प्रभावित इलाकों में हलचल तेज कर दी है। भाकपा (माओवादी) संगठन के महासचिव और केंद्रीय कमेटी के प्रमुख देवजी द्वारा रविवार को अपने 18 साथियों के साथ हथियार डालने की खबर आने के बाद यह माना जा रहा है कि संगठन की रीढ़ टूट चुकी है। जंगलों में सक्रिय कैडर के बीच संदेश साफ है कि जब शीर्ष नेतृत्व ने आत्मसमर्पण कर दिया, तो नीचे के स्तर पर टिके रहना अब और कठिन हो गया है।

भाकपा माओवादी के सबसे बड़े चेहरे के समर्पण की खबर जैसे ही फैली, वैसे ही आंतरिक नेटवर्क में बेचैनी बढ़ गई। वर्षों से सशस्त्र संघर्ष के जरिए मौजूदगी दर्ज कराने वाले संगठन की रणनीति और मनोबल दोनों पर गहरा असर पड़ा है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह घटनाक्रम केवल एक समर्पण नहीं, बल्कि पूरे ढांचे के बिखरने की शुरुआत है। इसी कड़ी में कांकेर जिला से भी महत्वपूर्ण संकेत मिल रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी, कंपनी नंबर-05 और सप्लाई टीम से जुड़े कुल 23 नक्सली जल्द ही हथियार डाल सकते हैं। अंदरूनी इलाकों में यह चर्चा तेज है कि कुछ नक्सली गढ़चिरौली और कुछ बीजापुर की ओर खिसकने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि एक बड़ा धड़ा समर्पण के विकल्प पर गंभीरता से विचार कर रहा है। हालांकि, हथियार डलवाने में इंटेलीजेंस विभाग कितना सफल होता है, यह आने वाला समय ही बताएगा। अनुभव बताता है कि ऐसे दौर में संगठन के भीतर टूट-फूट तेज होती है। कुछ लोग रास्ता बदलते हैं, तो कुछ नए ठिकानों की तलाश में भटकते हैं। इसी को देखते हुए सुरक्षा बलों ने संभावित मूवमेंट रूट्स पर निगरानी बढ़ा दी है, ताकि किसी भी प्रकार की हिंसक घटना को रोका जा सके।



### शांति की दिशा में बढ़ते कदम

*तेलंगाना में हुए बड़े समर्पण ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। कांकेर में 23 नक्सलियों के संभावित हथियार डालने की सुगबुगाहट ने उम्मीद जगाई है कि शांति की दिशा में यह कदम निर्णायक होगा। अब निगाहें सुरक्षा एजेंसियों की रणनीति और जमीनी अमल पर टिकी हैं, क्या यह शुरुआत अंत तक पहुंचेगी, या संगठन आखिरी सांसों में नया मोड़ लेगा।*

### खुफिया तंत्र को किया अलर्ट

*पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का कहना है कि देवजी के समर्पण ने मनोवैज्ञानिक दबाव कई गुना बढ़ा दिया है। केंद्रीय कमेटी का प्रमुख यदि हथियार छोड़ सकता है, तो क्षेत्रीय और कंपनी स्तर के कैडर के लिए विकल्प सीमित हो जाते हैं। यही वजह है कि कांकेर सहित सीमावर्ती इलाकों में खुफिया तंत्र को अलर्ट पर रखा गया है।*

### कांकेर में सक्रिय 23 नक्सली पर है नजर

कांकेर में सक्रिय नक्सलियों में पहले 35 की सूची जारी हुई थी, जिसमें ललिता के समर्पण किए जाने का खुलासा हो गया था, उसके बाद कंपनी नंबर 05 के दो नक्सली फागू और जोगी 6 फरवरी के इनकाउंटर में मारे गए। पुलिस अधीक्षक की माने तो इन 35 की सूची में तीन के जाने के बाद 32 बचते है, इनमें से 09 नक्सली नारायणपुर में 04 ने सरेंडर, खैरागढ़ में 02, गोंदिया में 01, दंतेवाड़ा में 01 और नारायणपुर में 01 इनकाउंटर में जान गंवा दी। इसके बाद 23 नक्सली बचते है, जिसमें परतापुर एरिया कमेटी के 12 सदस्य चंदर कतलाम डीव्हीसीएम सचिव, रूपि रेड्डी एसीएम परतापुर एरिया कमेटी केएएमएस प्रभारी, कुमारी माली एससीएम उपकमांडर, मंगेश परचापी एससीएम, मंगलू पद्दा एसीएम,मनीषा कोर्राम एसीएम, राधिका कुंजाम पीएम, जिला मरकाम पीएम, सनकी पुनेम पीएमसोमा पोड़ियाम पीएम, लखमी पद्दा पीएम, संदीप कड़ियाम इसके अलावा मिलिट्री कंपनी नंबर 05 की टीम के 08 सदस्य स्वरूपा उसेंडी पीएमसीएम, सकुदास उईका पीएमसीएम, जानकी सोढ़ी पीएमसीएम, मोनिका पीएम हेडक्वर्टर प्लाटून सदस्य, दारसू शोरी, हिड़मा सोढ़ी पीएम, शंकर पीएम, होलिका पुनेम पीएम, उत्तर बस्तर डिवीजन टेक्निकल टीम के 02 सदस्य बुधरी जुर्री पीएम और मन्नू पीएम के अलावा उत्तर बस्तर डिवीजन सप्लाई टीम के 01 सदस्य रानू पोड़ियाम पीएम जंगल में जान बचाने में लगे हुए है।

---

## कांकेर-नारायणपुर सीमा पर सुरक्षा बलों की सतर्कता से बड़ी साजिश हुई नाकाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र के दुर्गम जंगल-पहाड़ी इलाके में चलाए गए संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान डीआरजी और बीएसएफ की टीम ने एक प्रेशर कुकर आईईडी बरामद कर संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। यह कार्रवाई न केवल सुरक्षा बलों की पेशेवर दक्षता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार 21 फरवरी 2026 को डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र से सर्चिंग पर निकली थी। अभियान के दौरान ग्राम कुरकुंज के जंगल-पहाड़ी इलाके में संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिलने पर जवानों ने इलाके की बारीकी से तलाशी ली। इसी दौरान मार्ग के समीप छिपाकर रखा गया लगभग 5 से 7 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से इसे रणनीतिक रूप से स्थापित किया था। जानकारी मिलते ही बीएसएफ की प्रशिक्षित बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए टीम ने आईईडी को सफलतापूर्वक डिफ्यूज कर वहीं नष्ट कर दिया। इस त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई से किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की आशंका समाप्त हो गई। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने एक बार फिर सतर्कता और साहस का परिचय देते हुए नक्सलियों की एक घातक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। इस घटना के संबंध में थाना कोयलीबेड़ा में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा बलों की इस सफल पहल से कांकेर और नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों को करारा झटका लगा है। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी सर्च ऑपरेशन तेज किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र को नक्सल प्रभाव से मुक्त कर शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रखा जा सके।

## सालों से फरार 4 आरोपी गिरफ्तार चारामा पुलिस की सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- आरोपी 7 से 11 साल से थे फरार

अपराध मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना चारामा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्षों से फरार चल रहे चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। लंबे समय से कानून की पकड़ से दूर आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि कानून से बच पाना अब संभव नहीं है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चारामा के अपराध क्रमांक ⏭ शेष पेज 10 पर

## जमीन विवाद पर हुआ खूनी संघर्ष भाई एवं भतीजों ने शिक्षक की ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कोहकाटोला में सेवानिवृत्त शिक्षक की उसके ही परिजनों द्वारा की गई कथित नृशंस पिटाई और गड्ढे में गिराकर जान लेने की कोशिश ने पूरे गांव को दहला दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल की मौत हो गई, जिससे गांव में सनसनी और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय से 18 किमी. की दूरी पर स्थित ग्राम कोहकाटोला निवासी दयाराम उईके वर्ष 2013 में शिक्षक के पद से सेवानिवृत्ति के बाद अपनी पत्नी के साथ गांव के पुराने मकान में रह रहे थे। पुराने मकान को तोड़कर नए निर्माण की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके लिए कॉलम गड्ढो की खुदाई की गई थी। इसी दौरान 22 फरवरी की सुबह करीब 6 बजे दयाराम उईके के छोटे भाई दयालू राम उईके अपने परिजनों पूनम उईके, राघेंद्र उईके, केश्वर और आर्यन के साथ वहां पहुंचे और जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि गाली-गलौज के बीच जब शोर सुनकर दयाराम उईके बाहर आए, तो आरोपियों ने उन पर और उनकी पत्नी पर हमला कर दिया। बताया ⏭ शेष पेज 10 पर



## शराब पीने की बात पर मारपीट एवं धमकी, पीड़ित ने थाने में की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम सोनपाल में शराब पीने की बात को लेकर दो व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना गांव में आयोजित देवी पूजा कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां पीड़ित शामिल होने गया था। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

थाना बड़गांव में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे ग्राम सोनपाल निवासी कंवलसिंह मंडावी पिता परदेशी राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। 19 फरवरी को गांव के ही मेशोराम कोला के घर देवी पूजा कार्यक्रम का आयोजन था, जिसमें उसे आमंत्रित किया गया था। दोपहर के समय वह अकेले कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा, जहां गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे। पीड़ित के अनुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे देवी पूजा संपन्न होने के ⏭ शेष पेज 10 पर



## साईमुंडा जंगल के जुए अड्डे पर दबिश, जुआरी फरार 11 बाइक व नकदी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नरहरपुर क्षेत्र के ग्राम साईमुण्डा के जंगल पहाड़ी में संचालित जुआ अड्डे पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से 11 मोटर सायकल, नगदी और ताश पत्ते जब्त किए हैं। हालांकि अंधेरे और जंगल की आड़ लेकर जुआरी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नरहरपुर थाना अंतर्गत चौकी दुधावा पुलिस को 20 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम साईमुण्डा के जंगल पहाड़ी के ऊपर कुछ लोग संगठित रूप से जुआ खेल रहे हैं। जानकारी की तस्दीक के बाद चौकी प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया गया। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही जुआरी अपने-अपने वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल में भाग निकले। पुलिस ने मौके की घेराबंदी कर तलाशी ली, जहां से 11 मोटर सायकल, 650 रुपये नकद, 52 पत्ती ताश तथा अन्य सामग्री बरामद की गई। जब्त सामग्री को विधिवत जब्ती पंचनामा बनाकर कब्जे में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि वाहनों के रजिस्ट्रेशन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### जब्त वाहन के नंबरों से मालिकों की तलाश

जुआ के अड्डे से वाहन क्रमांक सीजी 05 यू 1035, वाहन क्रमांक सीजी 05 एटी 8833, वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 6735, वाहन क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 0930, वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजी 7319, वाहन क्रमांक सीजी 05 एआर 2667, वाहन क्रमांक सीजी 05 एडी 1902, वाहन क्रमांक सीजी 05 एडी 7563 वाहन क्रमांक सीजी 19 बीसी 1891, वाहन क्रमांक सीजी 04 एचएम 8805, वाहन क्रमांक सीजी 05 ई 4974 कुल अनुमानित कीमत 2 लाख 75 हजार रुपएं आंकी गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत देहाती नालसी पंजीबद्ध की गई है। आगे की विवेचना जारी है तथा फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## होलिका दहन तक संयम, फिर रंगों का रहता है उल्लास

# होली से पूर्व होलाष्टक कल से मनाएंगे, ग्रहों की उग्रता पर धार्मिक आस्था एवं परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

होली से पहले शुरू होने वाले होलाष्टक को धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू होने वाले इन आठ दिनों को आत्मचिंतन और साधना का समय माना गया है। मान्यता है कि ग्रहों के उग्र प्रभाव के कारण मांगलिक कार्यों में रुकावट आ सकती है, इसीलिए होलाष्टक के दौरान शादी, गृह प्रवेश और नया व्यापार शुरू करने से बचने की सलाह दी जाती है।

वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल फाल्गुन शुक्ल अष्टमी तिथि 24 फरवरी को सुबह 7 बजकर 1 मिनट से शुरू होगी और 25 फरवरी शाम 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी. यानी 24 फरवरी से ही होलाष्टक की शुरुआत मानी जाएगी। यह अवधि होलिका दहन तक चलेगी और पूर्णिमा के दिन समाप्त होगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक की शुरुआत से पहले हिरण्यकश्यप ने भक्त प्रह्लाद को अनेक कष्ट दिए थे। इन्हीं घटनाओं की स्मृति में यह काल आत्मसंयम, तप और साधना के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक दिन किसी न किसी ग्रह का प्रभाव प्रमुख रहता है, जिससे वातावरण में मानसिक और आध्यात्मिक अस्थिरता बढ़ सकती है। ऐसे में शास्त्र संयमित आचरण, व्रत, जप और दान को सर्वोत्तम उपाय बताते हैं। पंडितों के अनुसार इस अवधि में भगवान विष्णु, शिव और नारायण की उपासना विशेष फलदायी होती है। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और दक्षिणा का दान करने से ग्रहदोषों का शमन होता है। साथ ही नकारात्मक विचारों से दूरी बनाकर सकारात्मकता और सेवा भाव को अपनाने की सलाह दी जाती है।




### पूर्णिमा को होता है होलाष्टक का समापन

होलाष्टक का समापन फाल्गुन पूर्णिमा की रात्रि होलिका दहन के साथ होता है, जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसके अगले दिन रंगों का पर्व होली उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि होलाष्टक के दौरान किया गया संयम और साधना, होली के दिन जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने जवानों की समस्याओं को सुना, विशेष कार्ययोजना को भी जाना



**केशकाल।** पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा ने थाना केसकाल क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुएमारी कैंप एवं नवीन थाना भवन प्रस्तावित का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैंप में उपस्थित सीएएफ बटालियन की बी कंपनी एवं जिला बल के अफसर- जवानों का दरबार लेकर व्यक्तिगत, परिवार संबंधी जानकारी ली। उनकी समस्याओं एवं गुजारिश को सुना। हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं उच्च शिक्षा के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों को उनके बालक बालिकाओं को मिलने वाली शासन एवं पुलिस प्रशासन की तरफ से योजना तैयार की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने कैंप कुएमारी में स्थापित सीएएफ एवं जिला बल के जवानों को शाबाशी दी। उन्होंने कैंप में पदस्थ अधिकारी- कर्मचारियों की विशेष कार्ययोजना को देखकर एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को उचित इनाम की अनुशंसा भी की है।

### बंधा तालाब में चला स्वच्छता अभियान



**कोण्डागांव।** नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 फरवरी को मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में बंधा तालाब में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। जिसमें जलकुंभियों को निकालकर तालाब की साफ–सफाई की गई। अभियान में पूर्व सैनिकों के साथ निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे लगभग 70 युवक–युवतियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर तालाब क्षेत्र की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि साफ–सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और स्वच्छ वातावरण हमें कई बीमारियों और परेशानियों से दूर रखता है। वहीं जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और प्रसन्न मन की आधारशिला है। अभियान के दौरान सभी ने स्वच्छ कोंडागांव सुंदर कोंडागांव, स्वच्छ भारत सुंदर भारत, मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी और भारत माता की जय जैसे नारों के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### प्राकृतिक आपदा के 8 प्रकरणों में 32 लाख की सहायता स्वीकृत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 8 प्रकरणों में पीड़ित परिवारों के वारिसों को कुल 32 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैंगुड़ा तहसील के ग्राम पाढ़ापुर निवासी बोरजी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री देवो को 4 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई। मर्दापाल तहसील के ग्राम कागां निवासी जुगधर की मृत्यु के उपरांत उनकी माता घसनी बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। कोण्डागांव तहसील के ग्राम बासगांव निवासी उषा की मृत्यु पर माता देवंती एवं पिता गजुराम को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसी तहसील के ग्राम बड़ेभिरावण्ड निवासी चनउराम की मृत्यु पर उनकी पत्नी जानकी, पुत्र गोविंद व मनीष तथा पुत्री रजो व अनिता को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम पीढ़ापाल निवासी सोभीराम की मृत्यु पर पत्नी सियाबती को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। ग्राम कोरगांव निवासी गोविंद की मृत्यु पर माता संतोषी व पिता राजकुमार को 4 लाख रुपये दिए गए।

# सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को मिल रही त्वरित सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन 10 मार्च 2017 से किया जा रहा है। यह केंद्र हिंसा से पीड़ित एवं जरुरतमंद महिलाओं को त्वरित और समग्र सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता, पुलिस सहयोग, विधिक परामर्श, मनोसामाजिक काउंसलिंग तथा अस्थायी आश्रय की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें भटकना न पड़े। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि जरूरत के समय महिलाएं निःसंकोच सहायता ले सकें।

**अब तक 1998 प्रकरणों का किया गया निराकरण** – जिले में अब तक कुल 1998 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें घरेलू हिंसा के 993 प्रकरण, प्रेम प्रसंग से जुड़े 79 मामले, भटकी गुमशुदा महिलाओं के 99 प्रकरण, 776 महिलाओं एवं बालिकाओं को अस्थायी आश्रय प्रदान कर सहायता केंद्र द्वारा मामलों का त्वरित निराकरण कर पीड़ितों को समय पर न्याय और संरक्षण दिलाया गया है।

**हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए 24 घंटे संबल और संरक्षण**






**टोल फ्री नंबर पर 24 घंटे मिलेगी मदद** – पीड़ित महिलाएं टोल फ्री नंबर पर सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर लगातार 24 घंटे संचालित रहता है और जरुरतमंद महिलाओं के लिए हमेशा खुला है। सखी वन स्टॉप सेंटर की यह पहल जिले में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

## जिला अस्पताल कोंडागांव की एसएनसीयू बनी उम्मीद की किरण

# 27 दिनों की अथक चिकित्सा से नन्ही जान को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

▪ गंभीर स्थिति में जन्मे नवजात का सफल उपचार

जिला अस्पताल की नवजात गहन चिकित्सा इकाई एसएनसीयू में एक गंभीर नवजात शिशु को नया जीवन देकर चिकित्सकों ने मानवता और समर्पण की मिसाल पेश की है। ग्राम राकसबेड़ा, विकासखंड माकड़ी निवासी सुखदई मरकाम एवं चौतराम मरकाम के नवजात शिशु को जन्म के बाद गंभीर अवस्था में भर्ती किया गया था। 27 दिनों के सतत उपचार के बाद शिशु पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटा।

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के सतत निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेमलाल मंडावी के नेतृत्व में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक उपकरण, दवाइयों की उपलब्धता और नियमित मॉनिटरिंग से एसएनसीयू दूरस्थ अंचलों के लिए आशा की किरण बन चुकी है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के तहत अब जिला मुख्यालयों पर ही उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को महानगरों का रुख नहीं करना पड़ रहा। यह सफलता जिला अस्पताल के टीमवर्क, समर्पण और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।



**जन्म के बाद सामने आई गंभीर चुनौतियां** –

18 दिसंबर 2025 को जन्मे इस नवजात का वजन 2.70 किलोग्राम था। जन्म के तुरंत बाद बर्थ एस्फिक्सिया, लगातार दौरे, संक्रमण और अन्य जटिल समस्याएं सामने आईं। 20 दिसंबर को शिशु को एसएनसीयू में भर्ती किया गया। गर्भावस्था के दौरान माता में गंभीर ओलिगोहाइड्राम्नियोस की स्थिति भी पाई गई थी, जिससे जोखिम और बढ़ गया था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रुद्र कश्यप, डॉ. राजेश बघेल एवं डॉ. परोमिता सूत्रधार सहित पूरी एसएनसीयू टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया। प्रारंभिक दिनों में ऑक्सीजन सपोर्ट और एंटीबायोटिक दिए गए। स्थिति गंभीर होने पर शिशु को पांचवें दिन मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखा गया, जहां 12 दिनों तक गहन निगरानी में उपचार चला। उपचार के दौरान सेप्सिस एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग जैसी जटिलताओं का भी सफलतापूर्वक सामना किया गया।

**कंगारू मदर केयर से हुआ उल्लेखनीय सुधार** –

लगातार 18 दिनों के उपचार के बाद शिशु की स्थिति में सुधार होने लगा। इसके बाद 19वें दिन से 10 दिनों तक कंगारू मदर केयर केएमसी शुरू की गई, जिससे शिशु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। लगभग 27 दिनों के अथक प्रयासों के बाद शिशु को पूर्णतः स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## संपूर्णता अभियान के तहत 42 हजार लोगों की हुई टीबी स्क्रीनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिला कोण्डागांव में टीबी उन्मूलन की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. हरेन्द्र बघेल के नेतृत्व में अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सम्पूर्णता अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में 28 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक टीबी स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान कुल 42,000 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 92 टीबी संभावित मरीज चिन्हित किए गए हैं।

**टीबी के प्रमुख लक्षणों पर रहा विशेष ध्यान**

स्क्रीनिंग के दौरान टीबी के प्रमुख लक्षणों जैसे एक सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी में खून आना, छाती में दर्द, वजन का लगातार घटना, भूख न लगना, बुखार आना को आधार बनाकर जांच की गई। कोण्डागांव जिले का टीबी उन्मूलन का वार्षिक लक्ष्य 900 मरीजों का है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण जिले में पंचायतों, सभी विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों, आश्रमों एवं घर–घर भ्रमण कर टीबी स्क्रीनिंग की जा रही है।

**मैदानी अमले की सक्रिय भूमिका**

इस व्यापक अभियान को सफल बनाने में मितानिन, एमटी, बीसी, एएनएम, आरएचओ, सुपरवाइजर, बीटीओ, बीपीएम एवं टीबी सुपरवाइजर सहित मैदानी स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संपूर्णता अभियान के माध्यम से समय रहते टीबी संभावित मरीजों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया जा रहा है।

## नवीन पीएमटी बालक में छात्रावास दिवस समारोह किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के प्रतिष्ठित पीएमटी हॉस्टल में 21 फरवरी को हॉस्टल डे एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन हुआ। शैक्षणिक कैलेंडर 2025-26 के अंतर्गत वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों वाद-विवाद प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्न मंच आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया और साथ ही छात्रावास दिवस का वार्षिक बजट भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

समारोह में अतिथियों का पुष्पमाला एवं स्वागत भाषण के साथ आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को निरंतर प्रयास करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा दी। शहीद वीर नारायण सिंह के उपलक्ष्य में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण से छात्रों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार हुआ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। समस्त आयोजन सफल, प्रेरणादायक एवं छात्रावास परिवार के लिए स्मरणीय रहा। कार्यक्रम में कमलेश कुमार जुर्री, मोहन सिंह कोर्राम, शरद ठाकुर, साधुराम नेताम, रमेश कुमार मरकाम, महेंद्र नेताम, देवलाल दुग्गा, अधिश्वर नेताम, मुकेश नेताम, केवल नेताम, विष्णु ठाकुर, राजाराम नेताम, नंदकिशोर शोरी, संतोष मरकाम, शिवलाल मंडावी, गुमल सलाम, उमेश गावड़े, रवि मरकाम, राजेश मरकाम, रमेश नेताम, लक्ष्मण दीपक, संजू नेताम, संजीव कोला, लिकेश जुर्री, संतोष मरकाम, लोकेंद्र गावड़े, योगेश मंडावी, पिंटू कांगे, राहुल कोड़ोपी, सुरज गोयल, रूपेन्द्र कुंजाम, किरण नेताम, अंजली नेताम, वर्षा परचापी उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल-संबलपुर मार्ग जानलेवा, भारी वाहनों पर रोक और मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल से संबलपुर होते हुए भानुप्रतापपुर तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण खतरनाक बन गया है। सिंगल रोड होने के बावजूद बड़े ट्रक और मालवाहक वाहनों का निरंतर आवागमन ग्रामीणों के लिए परेशानी और दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इस मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि संकरी सड़क पर तेज रफ्तार से गुजरते ट्रकों के कारण छोटे वाहन चालक और पैदल राहगीर हमेशा जोखिम में रहते हैं। कई बार दुपहिया वाहन सवार और स्कूली बच्चे दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। सड़क की चौड़ाई कम होने के बावजूद भारी वाहनों को अनुमति दी जा रही है, जिससे आमजन का आवागमन असुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भंडारडिगी क्षेत्र में कुछ समय पहले बैरिकेड लगाए गए थे, ताकि बड़े वाहन इस मार्ग से न गुजरें। लेकिन भारी वाहनों के दबाव से ये बैरिकेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रकों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। पूर्व सरपंच धनेश नरेटी, ग्राम पटेल गायता, अशोक सोरी, वेद गावड़े, खमेश नरेटी, नंदू कुलदीप, लोकेश नरेटी सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो बड़ी जनहानि हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाए तथा क्षतिग्रस्त बैरिकेड की तत्काल मरम्मत कर पुनः स्थापित किया जाए। इधर सड़क की स्थिति भी अत्यंत खराब है। मार्ग में जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं और सड़क के किनारे कटाव हो चुका है। बारिश के बाद अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। इस संबंध में कई बार लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया जा चुका है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आईआर कंवर ने बताया कि सड़क की मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी तैयारी की जा चुकी है। फिलहाल ग्रामीण प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद लगाए हुए हैं और मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

## युवा अपनी अपार शक्ति का उपयोग सेवा व देशहित में करें : रूपनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




सरस्वती शिशु मंदिर मैदान सुभाषपारा में युवा संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सायं साढ़े 4 बजे तक चला। इस दौरान शताब्दी वर्ष के पांच परिवर्तन नागरिक शिष्टाचार, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व स्वदेशी और पर्यावरण व जल संरक्षण को लेकर संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा राष्ट्रीय सेवक संघ की स्थापना जिस उद्देश्य को लेकर हुआ वह है जो कार्य करते है वह अपने लिए नहीं देश के लिए निःस्वार्थ भाव से करना है। चाहे साहित्य हो, कला हो, राष्ट्र के लिए काम आए। देश में 65 प्रतिशत युवा है, युवाओं का देश है। युवाओं में शक्ति है उस शक्ति का उपयोग देश के हित में लगाना है। युवा आने अंदर की शक्ति जगाकर देश हित में लगाएं। कोलर के प्राचार्य योगिराज ने युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं से कहा देश मे जितने में महान हुए वे अपने युवा काल मे किया कार्य से हुआ। जाति, भाषा, धर्म मे देश को बांटने का प्रयास होता है। युवाओं को आगे आना है सबसे पहले देश धर्म को निभाना है। उतर बस्तर विभाग कार्यवाह भावेश साव ने कहा संघ ने कुल सात कार्यक्रम है, इसमें यह पांचवे कार्यक्रम है। यह देश हिन्दू संस्कृति से परिचय होता है, जो लोग देश को माँ कहते है, जिसे भूले रहे है उन्हें गति देना और आगे लाने है इसके लिए यह युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। देश मे 65 प्रतिशत युवा है इसे युवाओं को पहुँचने के लिए युवा संगम आयोजन है। युवाओं को बताना है मेरी योगदान देश के लिए किया है। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह गोकुल सिंह साहू, कोमल सिंह ठाकुर, जिला संघ संचालक गोकुल यादव, खंड संचालक देवाराम कोठारे, जिला प्रचारक हरि मधुकर, प्रमिला तिवारी, सुनीता साहू, ममता गटकरी, भुनेश जांगड़ा, दुव्येश दुग्गा, थानुराम सिन्हा, सामंत साहू, अतुल तिवारी, भागीरथी यादव, पायल निर्मलकर, जिज्ञासा साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### सालों से फरार...

155/2014, जिसमें कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम की धाराएं 4, 6, 10 एवं 11 के तहत मामला दर्ज है, तथा अपराध क्रमांक 195/2018, धारा 304-ए भादवि से संबंधित प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध पहले ही अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका था। इसके बावजूद आरोपी नियत तिथियों पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, कांकेर में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इस लापरवाही और फरारी के चलते उनके विरुद्ध 7 से 11 वर्ष पूर्व स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। लगातार पतासाजी और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने 20 फरवरी को कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। अपराध क्रमांक 155/2014 में मासो पोयम, सामु उर्फ सामु कश्यप तथा भस्सु पोयम को पकड़ा गया, जबकि अपराध क्रमांक 195/2018 में बेनुधर पटेल की गिरफ्तारी की गई। सभी आरोपियों को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इसके अतिरिक्त, प्रकरण से संबंधित एक अन्य वारंटी जयमन भतरा के संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, उपनिरीक्षक रनेश सेठिया, आरक्षक सत्यनारायण सलाम एवं सेवन ध्रुव की सक्रिय और सराहनीय भूमिका रही।

### जमीन विवाद पर...

गया कि आरोपियों ने दंपति को मारते-पीटते निर्माण स्थल के गड्ढे में धकेल दिया। राघेंद्र उईके ने निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले औजार से दयाराम उईके के सिर पर वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा। इसके बाद अन्य आरोपियों ने भी पत्थरों और भारी वस्तुओं से हमला किया, जिससे वे बेहोश होकर गड्ढे में गिर पड़े। मृतक की पत्नी का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें वहीं दफनाने की कोशिश करते हुए गड्ढे में मिट्टी-पत्थर डालने शुरू कर दिए। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भागीं और ग्रामीणों को जानकारी दिया। ग्रामीणों और मजदूरों की मदद से घायल दयाराम उईके को गड्ढे से बाहर निकाला गया और तत्काल अमोड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपियों राघेंद्र उईके, पूनम उईके, दयालू राम उईके, केश्वर उईके और आर्यन उईके के खिलाफ धारा 103(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने की...

बाद जब भोजन की तैयारी चल रही थी, उसी दौरान गांव के ही बिनेश दुग्गा ने शराब पीने की बात को लेकर उससे गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और धक्का दिया, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल थाना बड़गांव पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी बिनेश दुग्गा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है तथा गवाहों के बयान लिए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**



## लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मितानिन का किया सम्मान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के जोरा क्षेत्र में आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और मितानिन ट्रेनर का सम्मान करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की जनसेवा के प्रति समर्पण भावना को सराहनीय बताते हुए उन्हें साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद रेणु साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी समाज के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। ये बहनें शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण के प्रति लोगों में जनजागरूगता, प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशुओं की निगरानी, तथा कुपोषण की पहचान कर उचित मार्गदर्शन देने में इनकी अहम भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, पोषण आहार, वितरण, वजन और स्वास्थ्य की नियमित जांच जैसे कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

## ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग

**रायपुर।** सत्तीबाजार चौक में ध्वनि प्रदूषण और जुलूसों पर रोक लगाने की मांग समस्त व्यापारी और निवासियों ने प्रशासन से की है। इस संबंध में नगरवासियों ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए हम क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों द्वारा पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी आजाद चौक, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं पार्षद सत्तीबाजार को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। लंबे समय से इस क्षेत्र में धुमाल, डीजे, अत्यधिक तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम एवं विभिन्न प्रकार के जुलूसों के कारण असहनीय ध्वनि प्रदूषण एवं अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। तेज आवाजों से बुजुर्गों, बच्चों, विद्यार्थियों एवं विशेष रूप से समीप स्थित कंकाली हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ रहा है। कई बार अस्पताल के गंभीर मरीजों की स्थिति भी प्रभावित होती है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

## आठ से 14 वर्ष के नाबालिग बच्चों ने अपने साथी पर किया ब्लेड से हमला

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार शाम नाबालिग बच्चे आपस में भिड़ गए। आपस में भिड़ने वाले बच्चों की उम्र आठ से 14 साल के बीच बताई जा रही है। बताया जा रहा है, बच्चे नशे के सामान के बंटवारे को लेकर एक दूसरे के साथ विवाद कर रहे थे। इस दौरान तीन नाबालिगों ने एक अन्य नाबालिग पर मारपीट के बाद ब्लेड से हमला कर दिया। बच्चों द्वारा चाकू चलाए जाने की चर्चा है, लेकिन पुलिस ने इस बात से इनकार किया है। घायल बच्चे को पुलिस ने उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार घटना शाम के समय सत बहनिया मंदिर के पास हुई। श्याम नगर निवासी 8 से 14 वर्ष आयु के तीन नाबालिगों ने सतबहनिया मंदिर निवासी एक नाबालिग को घेर लिया।

**निधन**

## एमवीआर कृष्णा

**जगदलपुर।** आसना निवासी एमवीआर कृष्णा (गुरुदेव ) 72 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। वे



वन विभाग से अकाउंट सुपरिटेंडेंट के पद से रिटायर्ड हुए थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह 10 बजे आसना स्थित निवास स्थान से खड़कघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### चार नई श्रम संहिताएं श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत आधारशिला

# नए लेबर कोड से श्रमिकों के जीवन में आएगा बदलाव : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- कार्यक्रम में 1242 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1 करोड़ 4 लाख 23 हजार की सहायता राशि बैंक खातों में अंतरित

राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से गीदम ब्लॉक के छिंदनार ग्राम पंचायत में रविवार को श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 1242 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 1 करोड़ 4 लाख 23 हजार रुपये की सहायता राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। कार्यक्रम के भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि राज्य शासन श्रमिकों और उनके परिवारों को सशक्त बनाने के लिए 31 से अधिक योजनाए संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक श्रमिक भाइयों-बहनों को इन योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं होगी, तब तक वे उनका लाभ नहीं ले सकेंगे। ऐसे जन संवाद सम्मेलन जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।






कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार नए श्रम कानूनों को श्रमिकों के हित में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 45 प्रतिशत आबादी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है और इनके आर्थिक-सामाजिक विकास के बिना राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। मिश्रा ने कहा कि ये चारों संहिताएँ श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाएंगी।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की योजनाओं के तहत सहायता राशि वितरित की गई। हितग्राहियों ने योजनाओं से हुए लाभ के अपने अनुभव साझा किए और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिले में एक लाख से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। अब तक विभिन्न योजनाओं के तहत 90 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। यह दर्शाता है कि सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने कहा कि विकास और निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके कल्याण के लिए शासन निरंतर प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, भाजपा उपाध्यक्ष सत्यनारायण महापात्र, महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, जय भंसाली, मंडल महामंत्री संध्या शुक्ला, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, शकुंतला भास्कर, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, तुलेश्वरी नागेश, भाजपा जिला मंत्री लता मरकाम, गौतम भाटी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नरगिस अंसारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा पीसे वेट्टी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता राजन महेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएव्ही पब्लिक स्कूल किरंदुल में चिंतन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

डीएव्ही पब्लिक स्कूल किरंदुल के भारत स्काउट एवं गाइड इकाई द्वारा रविवार को विद्यालय सभागार में स्काउटिंग के संस्थापक रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बैडेन-पॉवेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एसके श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा लॉर्ड बेडन पावेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, कब एवं बुलबुल के बच्चों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड की स्थापना के उद्देश्य, सिद्धांतों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इससे होने वाले नैतिक, सामाजिक एवं शारीरिक लाभों पर प्रकाश डाला गया।

रेंजर लीडर तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत विभिन्न गतिविधियों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गाइड कैप्टन अनामिका एक्का, स्काउट कैप्टन नारायण प्रसाद, कब मास्टर राकेश कुमार,संगीत शिक्षिका अर्चना बघेल, दिनेश कुमार यादव एवं लिपिक सुश्री तमन्ना नारंगे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्रीवास्तव ने सभी को चिंतन दिवस की बधाई देते हुए स्काउट-गाइड के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय सभागार में संपन्न यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

## मार्च में छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल गांधी, मनरेगा बचाओ संग्राम रैली में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी मार्च के दूसरे सप्ताह में छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। इस दौरान वे धमतरी जिले में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता



राहुल गांधी अपनी इस जनसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम, जंगल कटाई, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर जनता को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी इसके लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के धमतरी पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की इस जनसभा में प्रदेश भर से 50 हजार से ज्यादा लोग जुटने वाले हैं, इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

## मन की बात राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुनी मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण को जिले के सातों मंडलों के समस्त बूथ क्रमांकों में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से उत्साहपूर्वक सुना गया। गीदम के छिंदनार स्थित बूथ क्रमांक 22 में कार्यक्रम को विशेष रूप से सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, मंडल महामंत्री संध्या शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नरगिस अंसारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश शुक्ला, बारसूर मण्डल अध्यक्ष सुनील नाग सहित बूथ स्तर के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने जनभागीदारी, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान, नवाचार, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इन विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रेरित करता है और हमें सकारात्मक सोच, सेवा भावना तथा देशहित में कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संदेशों को घर-घर तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली।



## भाजपा किसान मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- एआई समिट में कांग्रेस की शर्मनाक करतूत के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस द्वारा एआई समिट में किये गये बेहूदा और शर्मनाक करतूत के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। स्थानीय गुरूनानक चौक में भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी कर विरोध और रोष जताया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का कृत्य देश की छवि बिगाड़ने वाला है। कांग्रेस और उनके तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते हुये अब देश का ही विरोध करने लगे हैं। उनके ऐसे शर्मनाक कृत्य के लिये कांग्रेस नेता राहुल का पुतला फूंक कर विरोध जाहिर किया गया है। पुतला दहन के दौरान रजनीश पाणिग्राही, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, अभिलाष यादव, माहेश्वरी ठाकुर, शशिनाथ पाठक, फूल सिंह सेठिया, राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, पिंटू अभिषेक साव, ममता राणा,नीलम यादव, ललिता बघेल, कलावती कसेर आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता न्याय को सशक्त बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, राज्य सरकार उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तकनीकी एवं विधिक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में जागरूकता एवं तकनीकी पहलुओं के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में तकनीकी, डिजिटल व्यवस्था, प्रक्रियात्मक सुधार और विधायी संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उपभोक्ता संरक्षण विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एपी साही, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, मध्यप्रदेश, गोवा, बिहार, झारखंड उत्तरप्रदेश सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।



**डिजिटल सुविधाओं के उपयोग पर जोर :** इस दौरान ई-जागृति, ई-फाइलिंग और ई-हियरिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को घर बैठे शिकायत दर्ज करने और सुनवाई में भाग लेने की सुविधा मिल रही है। उपभोक्ता न्याय को किफायती, पारदर्शी और त्वरित बनाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। सभी उपभोक्ता आयोगों में प्रक्रियात्मक एकरूपता लाने, मानकीकृत नियम एवं दिशानिर्देश अपनाने तथा केस मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान शिकायत स्वीकृति की प्रक्रिया, उपभोक्ता आयोग के आर्थिक एवं क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार, शिकायत और जवाब दावा प्रस्तुत करने की समय-सीमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को स्पष्ट किया।

## डीएड अभ्यर्थियों ने अंगारों पर चलकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चल रहा आमरण अनशन 60वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। लंबे समय से शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लगातार 60 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों की शारीरिक एवं मानसिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने के कारण शनिवार को आंदोलनकारियों ने सामूहिक रूप से प्रतीकात्मक विरोध करते हुए आग जलाकर अंगारों पर चलकर प्रदर्शन किया। केंद्रीय जेल में बंद डीएड अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर हमें सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति नहीं दी जाती तो हम पूरे परिजनों के साथ डीएड अभ्यर्थी विधानसभा घेराव करते हुए सामूहिक गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन करते हुए जेल में ही आमरण अनशन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## कर्मचारी की सतर्कता से उरला के संगीता फ्यूल्स में टला बड़ा हादसा

**रायपुर।** उरला स्थित संगीता फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों की मुस्तैदी और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। 18 फरवरी की शाम लगभग 7.40 बजे दो युवकों की लापरवाही से अचानक आग भड़क उठी, जिसे पेट्रोल पंप के ऑटोमैटिक फायर फाइटिंग सिस्टम और प्रशिक्षित स्टाफ ने चंद सेकंड में नियंत्रित कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक बाइक में ईंधन भराने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों नशे की हालत में थे। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने सुरक्षा चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए लाइटर जला दिया। ईंधन भरते समय इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत से बाइक की टंकी के पास हल्की आग भड़क उठी, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना होते ही पेट्रोल पंप के प्रशिक्षित कर्मचारी चूड़ामणि देवांगन ने बिना घबराए तुरंत इमरजेंसी स्टॉप बटन दबाया, जिससे ईंधन की आपूर्ति तत्काल रोक दी गई। इसके बाद उन्होंने उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर्स) का उपयोग कर कुछ ही पलों में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

## कैट ने वित्तमंत्री को राज्य के आम बजट के लिए दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मंडी शुल्क समाप्ति, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना सहित अन्य सुझाव

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी आम बजट के लिए बिंदुवार सुझाव दिया है। इन प्रमुख सुझाव में ट्रेडर्स के लिए रियायती दर पर ऋण और मुख्यमंत्री मेरी दुकान योजना, व्यापारियों के लिए इंश्योरेंस और पेंशन योजना संबंधी सुझाव शामिल है।

इसी तरह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मंडी शुल्क समाप्ति और कृषि उत्पादोंपर व्यापारिक भार को कम करने प्रदेश के वित्त मंत्री को सुझाव दिया है। छत्तीसगढ़ के आम बजट में व्यापारिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना - स्मार्ट बाजार, कमर्शियल सेक्टर के लिए सोलर सब्सिडी योजना, स्मार्ट टूरिज्म नीति और स्थानीय व्यापार को जोड़ने संबंधी सुझाव दिया है।



## पीएससी : डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित 238 पदों के लिए हुई परीक्षा

# पीएसएसी की दो पालियो में हुई परीक्षा परीक्षार्थियों की हुई कड़ी जांच-पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रविवार को पीएसएसी की परीक्षा दो पालियो में हुई। दोनो ही पालियो में पूछे गए प्रश्न को लेकर परीक्षार्थियो ने सरल बताया है। दोनो पालियो में छत्तीसगढ़ी से पूछे गए प्रश्न काफी रोचक लगे है। दोनो पालियो की परीक्षा में परीक्षार्थियो को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। जूता, बेल्ट व आभूषण तक बाहर निकलवा दिए गए।

पीएससी की परीक्षा दो पालियो में सुबह व दोपहर के दौरान हुई। पहली पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक पहली पाली की परीक्षा हुई व दुसरी पाली में 3 से 5 बजे तक परीक्षा हुई। पीएसएसी की परीक्षा में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें पंजीकृत परीक्षार्थी 3,333 थे। पहली पाली की परीक्षा में 2750 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 583 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 82.50 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए व दुसरी पाली की परीक्षा में 2722 परीक्षार्थी परीक्षा शामिल हुए एवं 611 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। 81.66 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में नकल रोकने के लिए चार उड़नदस्ता दल अधिकारियो के बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रो में परीक्षार्थियो को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। जांच के लिए दोपहर 2.30 बजे से पहले बुला लिया गया था। परीक्षा के दौरान जूते या मोटे सोल वाले सैंडल, उंची हील वाले सैंडल पहनना वर्जित था। केवल पतले सोल वाली चप्पले या स्लीपर पहनने की अनुमति दी गयी थी। जूते बाहर ही परीक्षा कक्ष के पहले ही उतरवा दिए गए। बैग भी बाहर निकलवा दिए गए। हल्के रंग के आधी आस्तीन वाले कपड़े ही पहनकर आना था। चाकलेटी रंग, गहरे रंग का कपड़ा पहनकर अंदर जाने की अनुमति नही थी। केवल नजर के चश्मे की अनुमति अंदर जाने की थी। धूप के चश्मा या डिजीटल चश्मा पर भी प्रतिबंधित था। विवाहित महिलाओ को मंगलसूत्र पहनकर जाने की छूट दी गयी थी। पूरे प्रदेश भर में 238 सीट के लिए परीक्षा हुआ, जिसमें डिप्टी कलेक्टर के 14 पद, डीएसपी 28, नायाब तहसीलदार का 51 पद सहित अन्य पद के लिए परीक्षा हुआ। परीक्षार्थियो के अनुसार जितने पद के लिए परीक्षा हुआ। वह शिक्षित बेरोजगारों की संख्या के अनुसार काफी कम है। पहली व दुसरी पाली में 200-200 अंक के प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें दोनो ही पाली में 100-100 प्रश्न पूछे गए थे। प्रत्येक प्रश्न 1 नंबर का था।




### इस तरह के पूछे गए प्रश्न

धर्मेश किस जनजाति के प्रमुख देवता है। उराव जनजाति में सरहुल त्यौहार का आयोजन कब होता है। खूब परिश्रम करना के लिए सही मुहावरा क्या है। कौन सी जनजाति में आत्मा में विश्वास किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य में ग्राम पंचायतो का वार्डो में विभाजन किया जाता है। छत्तीसगढ़ में बिहई किसका एक प्रकार है। घोटुल का सामूहिक मनोरंजन गीत है। रायपुर के किस होटल में रायपुर षडयंत्र केस की योजना बनायी गयी थी। छत्तीसगढ़ में खीर जैसा व्यंजन है। खुरिया पठार में स्थित सबसे उंची चोटी कौन है। कौन सा दर्शन नास्तिक नही कहा जाता है। तिलकमंजरी नामक ग्रंथ के रचनाकार कौन है। वही जुते हुए खेत का साक्ष्य कहा मिला है। कनिष्क के दरबार की निम्नलिखीत महान विभूतियो में से किसे भारतीय आईस्टाइन कहा गया है। वही दुसरी पाली में छंदशास्त्र के आदि प्रणेता ऋषि का नाम क्या है। सिर से तिनका उतारना मुहावरा का क्या अर्थ है। दक्षिण दिशा को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते है।

पहली पाली में इतिहास, समसामायिक घटना, छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान, विज्ञान, पंचायती राज, संविधान, जनजाति, लोक कला व इतिहास,भाषा, विज्ञान संबधित प्रश्न पूछे गए गए थे। वही दुसरी पाली में हिंदी भाषा, तर्क शक्ति, गणित, छत्तीसगढ़, सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए थे। चारामा की युवती नीतू प्रजापति ने कहा कि वह एमए में पढ़ाई कर रही है। पहली बार अनुभव के लिए पीएससी की परीक्षा दी है। पेपर अच्छा बना है। नरहरपुर की कामेश्वरी साहू ने कहा कि कुछ प्रश्न घुमावदार थे। फिर भी पेपर सरल आया है। हाराडुला के भागवत सिन्हा, भानुप्रतापपुर के सतीश दर्रो, मासुलपानी के चमरूराम जैन, नरहरपुर के भोजपाल ने कहा कि दोनो ही पालियो के प्रश्न सरल लगे, लेकिन दुसरी पाली के प्रश्न ज्यादा सरल लगे। छत्तीसगढ़ के प्रश्न ज्यादा रोचक लगे। पहली पाली संविधान व पंचायती संबधित प्रश्न कठिन लगे, जिनकी अच्छी तैयारिया है। उनके लिए पूछे गए प्रश्न काफी सरल है।

## आग से जंगल को भारी क्षति, वनों को बचाने की रेंजर ने की अपील




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भानुप्रतापपुर वन मंडल अंतर्गत वनपरिक्षेत्र दुर्गुकोंदल में इन दिनों वन संरक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बढ़ती गर्मी और सूखे मौसम को देखते हुए वन विभाग द्वारा दीवार लेखन, जनसंपर्क और विभिन्न जागरूकता संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

वनपरिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जंगल में आग लगाने जैसी लापरवाही से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि गर्मी के मौसम में छोटी सी चिंगारी भी विकराल रूप धारण कर सकती है, जिससे बहुमूल्य वृक्ष, औषधीय पौधे और वन्यजीवों को भारी नुकसान होता है। इसके साथ ही जंगल पर निर्भर ग्रामीणों की आजीविका भी प्रभावित होती है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीणों से आग्रह किया कि जंगल में ज्वलनशील पदार्थ, कांच की बोतलें या जलती बीड़ी-सिगरेट न फेंकें। अक्सर सूखी पत्तियों में हल्की चिंगारी से आग फैल जाती है और देखते ही देखते बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लेती है। वर्तमान में महुआ सीजन के दौरान पेड़ों के नीचे आग लगाने की प्रवृत्ति पर भी सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई गई है, क्योंकि यह वनाग्नि का बड़ा कारण बन सकता है। वन विभाग की टीम गांव-गांव जाकर लोगों को समझाइश दे रही है कि यदि कहीं भी वन क्षेत्र में आग दिखाई दे तो तत्काल विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके। विभाग द्वारा युवाओं, ग्राम समितियों और स्थानीय नागरिकों को भी वन सुरक्षा अभियान से जोड़ा जा रहा है। सामुदायिक सहयोग से ही वन सुरक्षित रह सकते हैं। वन हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। वन बचेंगे तो पर्यावरण संतुलित रहेगा और हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

## गोपनीय शिकायत एवं आपराधिक जानकारी देने के लिए 15 स्थानों में शिकायत पेटी लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



महिलाओं, छात्राओं एवं आम नागरिकों को सुरक्षित और गोपनीय रूप से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस ने शहर के 15 प्रमुख स्थानों पर शिकायत पेटियां स्थापित की हैं। इस पहल का उद्देश्य अपराधों की जानकारी देना आसान बनाना तथा पीड़ितों को बिना किसी झिझक के अपनी बात पुलिस तक पहुंचाने का माध्यम प्रदान करना है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इन शिकायत पेटियों के माध्यम से नागरिक किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, छेड़छाड़, उत्पीड़न या अन्य समस्याओं से संबंधित जानकारी लिखित रूप में गोपनीय तरीके से दे सकेंगे। प्राप्त शिकायतों की नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास भी शिकायत पेटियां लगाई गई हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता को जागरूक करते हुए बताया कि एक कागज पर समस्या लिखें, उसे बंद लिफाफे में डालें और पेटी में डाल दें। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जाएगा। यह पेटी आमतौर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित समय पर खोली जाती है।

शहर में लगाई गई शिकायत पेटी का स्थान

कन्या आश्रम सिंगरभाट कांकेर, कन्या शाला स्कूल लट्टीपारा कांकेर, बरदेभाटा चौक मेडिकल स्टोर के पास, नया बस स्टैंड कांकेर, जिला अस्पताल कोमल देव, पुराना कचहरी मावा मोदोल कोचिंग सेंटर, पंडरीपानी चौक एटीएम के पास, पीएमश्री गवर्नमेंट हाई सेकेंडरी नहरदेव स्कूल, घड़ी चौक यात्री प्रतीक्षालय, इंदु केवट गर्ल्स कॉलेज अलबेलापारा, शिशु मातृत्व अस्पताल अलबेलापारा, भानु प्रताप देव पीजी कॉलेज कांकेर, भारतीय हाई सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, माकड़ी ढाबा जनरल स्टोर और एकलव्य प्रयास आवासीय परिसर इमलीपारा में शिकायत पेटी लगायी गई है। शिकायत पेटी एवं वॉट्सएप हेल्पलाइन के माध्यम से नियमित शिकायत एवं सूचना प्राप्त हो रही है, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार शिकायतों का सप्ताह के भीतर निराकरण किया जा रहा है।

## क्रिकेट सीजन-2 के लिए आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों की नीलामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बार फिर बड़े रोमांच की शुरुआत हो चुकी है। इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर आयोजित पखांजुर क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का बिगुल बज चुका है। इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

टूर्नामेंट को पेशेवर रूप देने के लिए आयोजकों ने खिलाड़ियों के चयन हेतु ऑक्शन प्रक्रिया अपनाई। रविवार 22 फरवरी को आयोजित इस ऑक्शन में कुल 20 टीमों से कुल खिलाड़ी 260 भाग लेंगे। प्रत्येक टीम मालिक को 3 लाख पॉइंट्स का बजट दिया गया। निर्धारित पॉइंट्स के भीतर ही प्रत्येक टीम को अपने 13 खिलाड़ी चुनने थे। नीलामी के दौरान टीम मालिकों के बीच अपनी पसंद के खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए कड़ा मुकाबला देखा गया। कई स्थानीय खिलाड़ियों पर ऊंची बोली लगाकर उन्हें टीम का हिस्सा बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे और थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट उपस्थित रहें। आयोजकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में खेल भावना और अनुशासन का विकास भी होता है।

आयोजकों के अनुसार इस टूर्नामेंट का मुख्य ध्येय क्षेत्रीय खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफॉर्म प्रदान करना है। पखांजुर सीजन-2 का यह आयोजन क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अब सभी की नजरें मैदान पर होने वाले मुकाबलों पर टिकी हैं, जहां 20 टीमें खिताबी जीत के लिए अपना दमखम दिखाएंगी।

## संत निरंकारी मिशन के श्रमदान से निखरा शीतला तालाब, विधायक ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए चौथे चरण में नगर के पवित्र श्रीशीतला मंदिर तालाब की व्यापक सफाई कर यह संदेश दिया गया कि जल-स्त्रोतों की स्वच्छता ही स्वस्थ समाज और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

जल है तो कल है के संदेश के साथ संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर द्वारा स्वच्छ जल, स्वच्छ मन मिशन के अंतर्गत 22 फरवरी को श्रीशीतला मंदिर तालाब की सफाई का कार्य सुबह प्रारंभ किया गया। मिशन के लगभग 70 सेवादार भाई-बहनों ने श्रमदान कर तालाब से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें, झिल्लियाँ और अन्य अविघटनशील कचरा निकाला, जो जल को दूषित कर उसे उपयोग के अयोग्य बना देता है। सेवादारों का हौसला बढ़ाने के लिए विधायक आशाराम नेताम एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक भी शामिल हुए। विधायक ने इस अभियान के तहत कहा कि संत निरंकारी मिशन द्वारा किया गया यह कार्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम है। जल-स्त्रोतों की रक्षा से ही स्वास्थ्य, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। समाज के हर वर्ग को इस अभियान से प्रेरणा लेकर निरंतर योगदान देना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष ने भी मिशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से शहर स्वच्छ और स्वस्थ बनता है। कार्यक्रम के अंत में सभी सेवादारों ने जल संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

ब्रांच संयोजक राजा देवनानी ने बताया कि यह अभियान सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार तथा बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं को धारण करते हुए देशभर में वृहद रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तालाबों और जल-स्त्रोतों में जमा प्लास्टिक न केवल पानी को जहरीला बनाता है, बल्कि आसपास के बोरवेल तक दूषण पहुंचाकर गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ाता है। इसलिए जल की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला में भाजपा की रीति-नीति पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी की पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष महेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला में सर्वप्रथम शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का पंजीयन प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण के बाद प्रारंभ हुआ। ततपश्चात दीप प्रज्वलन एवं वन्दे मातरम, राज्यगीत के पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

■ नए विचारों और नए तरीकों से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उद्बोधन देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कार्यशाला की उपयोगिता बताई। उन्होंने कार्यशाला पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया एवं मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला सभी मंडलों में कराने हेतु मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया। प्रथम सत्र के वक्ता टेकेश्वर जैन प्रदेश प्रशिक्षण टोली के सदस्य ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से नए कार्यकर्ताओं का परिचय कराने के लिए समय-समय पर संगठन द्वारा प्रशिक्षण अभियान चलाया जाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को राजनीतिक दलों की कार्यशैली के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के अगले सत्र की अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम एवं मुख्य वक्ता डॉ देवेंद्र साहू रहे। डॉ देवेंद्र साहू ने प्रशिक्षण में नवाचार को पीपीटी के माध्यम से बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में नवाचार की परिकल्पना करते संगठनात्मक प्रशिक्षण को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों और नए तरीकों से आगे बढ़ाने का प्रयास करना है। तृतीय सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण पंच परिवर्तन विषय का रहा, जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया रहे। सत्र को सम्बोधित करते सतीश लाटिया ने कहा कि ये प्रशिक्षण नए व पुराने दोनों तरह के कार्यकताओ की राजनीतिक समझ को और बढ़ाने वाला साबित होगा भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओ को आज की जरूरत अनुसार प्रशिक्षित करती है। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।



प्रशिक्षण में व्यवसायी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक दीपक खटवानी, हरपाल सिंह भामरा, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, सुमित्रा मारकोले, राजा देवनानी, दीपांकर दत्ता, राजा पांडे, जितेंद्र मरकाम, अनूप राठौर, संजय सिन्हा, उत्तम जैन, प्रदीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, अरविंद जैन, अरुण कौशिक, उत्तम यादव, शंकर सरकार, संजूगोपाल साहू, घनेन्द्र ठाकुर, रुक्मणि उइके, हेमेंद्र बंटी ठाकुर, सुशील निषाद, कमलेश उसेंडी, टिकेश्वर सिन्हा, संतोष भास्कर, हेम मांडवी, दीपांकर राय, मनोहर यादव, तेजेश्वरी सिन्हा, उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम, सरिता कुलदीप, भानु नेताम, डॉ ईश्वर सिन्हा, जतिन अंटभैया, पीयूष बलेचा, हर्षल गजभिए सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सराधूघमरे पंचायत में कक्षा पांचवीं व 8वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सराधूघमरे में पंचायत स्तर पर कक्षा पांचवीं एवं आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। ग्राम पंचायत सराधूघमरे के सरपंच मनेसिंह सलाम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कक्षा पांचवीं और आठवीं शिक्षा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इन कक्षाओं का सफल समापन बच्चों के लिए उच्च शिक्षा की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा पंचायत में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हमारा उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। साधुमिचगांव के सरपंच मुकेश गावड़े ने शिक्षा को आदिवासी समाज की प्रगति की कुंजी बताया। जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा ने पंचायत स्तर पर ऐसे प्रेरक कार्यक्रमों की सराहना की। समारोह में छात्र-छात्राओं ने लोकनृत्य, गीत और भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो एवं नाश्ते के साथ हुआ। यह आयोजन सामुदायिक एकता और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया। संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरा ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने पढ़ाई में उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई है। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बिरेंद्र सलाम, सेवता सर, आनंद जाड़े, रामलाल सलाम, भगीरती केकती, धमनेश्वर कंवर, निषाद सर, धुव सर, भारती धुव मेम, शुक्ला मेम सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सेंटरिंग समाग्री पर हुआ विवाद, राड के हमले से पंच घायल

**कांकेर।** सेंट्रींग का समान घर के सामने से उठा ले जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया और आरोपी ने पीड़ित के सिर पर लोहा के रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मारपीट कि शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में किया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे बसंत नगर नारायणपुर निवासी महेश पटेल ने पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक 15 बसंतनगर का वार्ड पंच हूं। मेरे घर के सामने से 21 फरवरी को शाम करीनब 7 बजें सेंट्रींग समान को प्रमिला उसेंडी के भाई सूरज मंडावी निवासी बसंतनगर नारायणपुर जो मेरे घर से उठाकर अपने घर ले गया था। यह पता चलने पर मै लगभग शाम साढ़े 7 बजे प्रमिला उसेंडी के घर गया और सूरज मंडावी से बोला मुझे बिना बताये मेरे घर में रखे सेन्ट्रीग समान को क्यों लाए हो। ऐसा बोलने पर सूरज मंडावी कहने लगा कि तु कौन होता है मुझे बोलने वाला, तुमको जो करना है कर लो कहते हुए गाली देने लगा। जन से मारने की धमकी देते हुए लोहे की रॉड से मुझे मारा है। मारपीट करने से मुझे सिर व दाहिना हाथ की ऊंगली, दाहिने कान में चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सूरज मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



